**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2409**

**सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)**

**राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल**

**2409. श्री विजय बघेल:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल को नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल और सुलभ बनाने हेतु अद्यतन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे सभी अद्यतन की सूची क्या है;

(ग) एनसीएस पोर्टल के माध्यम से करियर परामर्श और मार्गदर्शन प्राप्त करने वाले नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों की वर्ष-वार और कौशल-वार संख्या क्या है और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के संबंध में स्थिति क्या है;

(घ) एनसीएस की सेवाओं में सुधार लाने के लिए निजी और सरकारी भागीदारों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ङ) एनसीएस पोर्टल के शुभारंभ के बाद से इसमें शामिल नियोक्ताओं की प्रगति का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या एनसीएस पोर्टल नौकरियों की मांग के अनुसार उन्हें प्रभावी ढ़ंग से उपलब्ध कराने के लिए उन्नत तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मेटाडेटा का उपयोग करता है; और

(छ) क्या सरकार एनसीएस 2.0 को लॉन्च करने पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (छ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों की जानकारी, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

पोर्टल में सुधार एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। इसमें यदाकदा आवश्यकता के अनुसार नवीनतम उपलब्ध प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए बदलाव/अपडेशन किया जाता है। एनसीएस पोर्टल के अपडेशन में एआई-आधारित रिज्यूमे बिल्डिंग, रिक्तियों को साझा करना/रिज्यूमे, फीडबैक तंत्र, मजबूत सत्यापन तंत्र, बहुभाषी समर्थन आदि जैसी विशेषताएं शामिल हैं।

एनसीएस पोर्टल अपने पंजीकृत उपयोगकर्ताओं, जिनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार भी शामिल हैं, को ऑनलाइन/ऑफलाइन करियर परामर्श और व्यावसायिक मार्गदर्शन सेवाएँ प्रदान करता है। एनसीएस पोर्टल पर 1182 से अधिक **करियर परामर्शदाता** ऑन बोर्ड हैं। अब तक, **41 लाख** से अधिक ऑनलाइन/ऑफलाइन करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने के लिए निजी और सार्वजनिक नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफ़ॉर्मों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना शामिल है जो मंत्रालय की सार्वजनिक-निजी भागीदारी को सुदृढ़ करने संबंधी कार्यनीति का हिस्सा है। अब तक, एनसीएस पोर्टल पर रोजगार के अवसरों को बेहतर बनाने जैसे नौकरी लिस्टिंग को एकीकृत करना, कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करना और अतिरिक्त करियर परामर्श प्रदान करने के लिए टीसीएस आईओएन, क्विकर, फाउंडइट (मॉन्स्टर), अपना, स्विगी, रैपिडो, अमेज़न, सिग्नस उजाला ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स आदि जैसी कंपनियों के साथ 25 से ज़्यादा समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

10 जुलाई, 2025 तक, 48 लाख से अधिक नियोक्ताओं को एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। इनका वर्ष-वार ब्यौरा https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx पर उपलब्ध है।

*****